# तबला वादक ज़ाकिर हुसैन

[स्रोत: द हिंदू](#)

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रसिद्ध तबला वादक ज़ाकिर हुसैन का इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस (IPF) की जटिलताओं के कारण निधन हो गया।

## ज़ाकिर हुसैन के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **प्रारंभिक जीवन: 9 मार्च, 1951** को जन्मे ज़ाकिर हुसैन, महान तबला वादक **उस्ताद अल्ला रक्खा** के पुत्र थे।
  - **उन्होंने सात वर्ष की आयु** में तबला प्रशिक्षण शुरू किया।
- **योगदान:** पश्चिमी संगीतकारों के साथ उनके सहयोग, विशेष रूप से **अंग्रेज़ी गिटारवादक जॉन मैकलॉघलिन, वायलिन वादक एल. शंकर एवं तालवादक टीएच 'विक्कु' विनायकराम** के साथ **वर्ष 1973 की परियोजना** से भारतीय शास्त्रीय संगीत वैश्विक मंच तक पहुँचा।
- **पुरस्कार: उन्होंने चार ग्रैमी अवॉर्ड** जीते, जिनमें वर्ष 2024 के **66वें ग्रैमी अवॉर्ड** के तीन अवॉर्ड शामिल हैं। उन्हें **पद्म श्री (1988), पद्म भूषण (2002) और पद्म विभूषण (2023)** से भी सम्मानित किया गया।

## इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस (IPF) क्या है?

- IPF एक **फेफड़ों की बीमारी** है जिसके कारण फेफड़ों में **वायु कोष्ठक क्षतिग्रस्त और रेशेदार हो जाने** से ऑक्सीजन का कुशलतापूर्वक आदान-प्रदान करने की उनकी क्षमता बाधित हो जाती है।
  - इसमें फेफड़ों में **एल्वियोली के आस-पास के ऊतक** मोटे **एवं कठोर** हो जाते हैं।
    - एल्वियोली, **ब्रोन्किओल्स** के अंत में स्थित **छोटे वायु कोष्ठक हैं** जो रक्तप्रवाह के साथ **ऑक्सीजन एवं कार्बन डाइऑक्साइड का आदान-प्रदान** करने में सहायक हैं।
- **कारण:** IPF का स्पष्ट कारण **अज्ञात है** इसलिये इसे "इडियोपैथिक" कहा जाता है जिसका अर्थ है **अस्पष्टीकृत।**
- **जोखिम कारक: IPF पुरुषों** एवं **वर्तमान या पूर्व में धूम्रपान करने वालों के बीच** अधिक सामान्य है। यह आमतौर पर **50 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों को प्रभावित** करता है।
  - इसके अन्य जोखिम कारकों में **आनुवंशिक कारक,** सिगरेट पीने जैसे जोखिम और वायरल संक्रमण शामिल हैं।




## तबला

- तबला [हिदुस्तानी शास्त्रीय संगीत]() में प्रयुक्त होने वाला एक ताल वाद्य यंत्र है जिसमें ढोल की एक जोड़ी शामिल होती है। इसमें अलग-अलग आकारों और मापों के दो एकल सिरों वाले ढोल होते हैं।
  - ऐसा माना जाता है कि **अमीर खुसरो ने तबले का आविष्कार किया था।**
- **तबला निर्माण: तबला लकड़ी का बना** होता है जिस पर **पशु की खाल** चढ़ी होती है।
  - तबले की सतह का मध्य भाग **स्याही लेप से ढका होता है** जो ढोल को सुर देने में सहायक होता है।
  - इसमें बाएँ ढोल का आवरण **मिट्टी या धातु से** बना होता है तथा इसे **स्याही लेप के साथ पशु की खाल** से ढका जाता है।
- **संगीत भूमिका:** तबले का प्रयोग मुख्य रूप से **गायन** एवं **वाद्य हिदुस्तानी संगीत के** साथ-साथ उत्तर भारत की विभिन्न **नृत्य शैलियों** में **किया जाता है।**
- **प्रमुख संगीतकार:** प्रसिद्ध तबला वादकों में **उस्ताद अल्ला रक्खा खान**, उनके बेटे **ज़ाकिर हुसैन**, **शफत अहमद** तथा **समता प्रसाद** शामिल हैं।

(adsbygoogle = window.adsbygoogle || []).push({});

**UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न**

***[illegible]:***

**प्रश्न: मांगणियार नामक लोगों का एक समुदाय किसके लिये प्रसिद्ध है? (2014)**

(a) पूर्वोत्तर भारत की मार्शल आर्ट
(b) उत्तर-पश्चिम भारत की संगीत परंपरा
(c) दक्षिण भारत के शास्त्रीय गायन संगीत
(d) मध्य भारत की पिए

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tabla-maestro-zakir-hussain